आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 अप्रैल 2024 **सान्ध्य समाचार**

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। लखनऊ में उप मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजेश पाठक ने विजय कुमार को पार्टी की सदस्यता ग्रहण करायी। इस मौके पर विजय कुमार की पत्नी अनुपमा, बसपा के नेता धर्मवीर चौधरी समेत कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के भी कुछ नेता भाजपा में शामिल हुए।

****

निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों के मतदान केन्द्रों और सार्वजनिक स्थलों पर जिले में मौजूद अधिकारियों के नाम, पदनाम और सीयूजी नम्बर लिखने के निर्देश दिये है। नम्बर उपलब्ध होने से चुनाव के समय किसी भी विषम परिस्थिति में आम नागरिक फोन कर के किसी घटना की जानकारी अधिकारियों को दे सकते हैं।

****

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया है कि राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों को दूरदर्शन तथा आकाशवाणी के माध्यम से प्रचार–प्रसार के लिये समय निर्धारित कर दिया गया है। राष्ट्रीय दलों में भाजपा को दो सौ इकतालीस मिनट तथा कांग्रेस को एक सौ अड़तालीस मिनट का समय दिया गया है। कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इण्डिया मार्क्सवादी को चौवन मिनट, आम आदमी पारर्टी को सैंतालीस मिनट, नेशनल पीपुल पार्टी को पैंतालीस मिनट और बहुजन समाज पार्टी को चौंसठ मिनट का समय आवंटित किया है।

****

किन्नर महामण्डलेश्वर हिमांगी सखी वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्हें अखिल भारत हिन्दू महासभा ने वाराणसी संसदीय सीट से टिकट दिया है। उल्लेखनीय है कि वाराणसी देश की सबसे चर्चित लोकसभा सीट है। यहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार चुनाव लड़ने जा रहे हैं।

****

लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित कराने के लिये निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश भर में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। गोरखपुर के नेशनल इण्टर कॉलेज बड़हलगंज के साथ ही कई अन्य स्थानों पर मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। इसी क्रम में नागरिक सुरक्षा से जुड़े स्वयंसेवक घर–घर जाकर मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं।

****

कल से चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो रही है। इसे लेकर प्रदेश भर में दुर्गा मंदिरों में तैयारियां अन्तिम चरण में है। मंदिरों पर उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को प्रबंधित करने के लिये पुलिस–प्रशासन की तरफ से पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। नवरात्र के दौरान मिर्जापुर जिले में स्थित विध्यवासिनी धाम तथा बलरामपुर के देवीपाटन शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। चैत्र नवरात्र का समापन रामनवमी के साथ होता है। रामनवमी के अवसर पर इस बार अयोध्या में भगवान राम के प्राकट्य का उत्सव भव्य तरीके से मनाया जायेगा। चैत्र नवरात्र के शुभारम्भ से रामनवमी तक प्रभु रामलला विशेष वस्त्र धारण करेंगे। यह वस्त्र खादी काटन से निर्मित हैं और इन पर असली चांदी तथा सोने की हाथ से छपाई की गयी है। छापाई में प्रयोग किये हुए सभी चिन्ह वैष्णप पद्धति के हैं।

उधर, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया है कि रामनवमी पर अयोध्या के नगरीय और ग्रामीण इलाकों में सौ से अधिक स्थानों पर एलईडी के माध्यम से श्रीराम जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दिखाया जायेगा।

****

मिर्जापुर जिले के विन्ध्याचल धाम में आज मध्य रात्रि से चैत्र नवरात्र मेला प्रारम्भ हो जायेगा। मेले को सुरक्षा की दृष्टि से दस जोन और इक्कीस सेक्टरों मे विभाजित कर जोनल मजिस्ट्रेट्रों और सेक्टर मजिस्ट्रेट्रों की तैनाती की गई हैं। उत्तर मध्य रेलवे ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये विंध्याचल स्टेशन पर एक दर्जन से भी अधिक ट्रेनों के अतिरिक्त ठहराव की व्यवस्था की है। परिवहन विभाग प्रदेश के विभिन्न जिलों को विंध्याचल से जोड़ने के लिये दो सौ के करीब अतरिक्त बसें चला रहा है। माता विंध्यवासिनी मंदिर की सुरक्षा के लिये आतंक निरोधी दस्ते की तैनाती की गईं है। मेले मे हिस्सा लेने के लिये श्रद्धालुओं के पहुॅचने का सिलसिला शुरू हो गया है।

****

सोमवती अमावस्या पर आज प्रदेश भर की पवित्र नदियों में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई और पीपल के वृक्ष की पूजा की। सोमवती अमावस्या के अवसर पर चित्रकूट में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालुओं ने यहां मंदाकिनी नदी में डुबकी लगायी और कामतानाथ स्वामी के दर्शन कर कामदगिरी पर्वत की परिक्रमा की। इस अवसर पर यहां विशाल मेले का भी आयोजन हुआ। प्रयागराज में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में डुबकी लगायी।

****

बढ़ती गर्मी को देखते हुए वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रबंधन की तरफ से कई प्रकार की व्यवस्थाएं की गयी हैं। यहां श्रद्धालुओं के लिए जर्मन हैंगर लगाया गया है और भीगे मैट्स रखे गये हैं। साथ ही बच्चों और अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए ओआरएस घोल की भी व्यवस्था की गई है। आज मंदिर में कतारबद्ध श्रद्धालुओं को ग्लुकोज युक्त शीतल जल भी उपलब्ध कराया गया।

****